सोमवार

34 साल से देहरादून का विश्वास

23 मार्च 2026

- देहरादून
- वर्ष 34
- अंक 58
- पृष्ठ 8
- मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. : 59626/94 email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम में बोले सीएम, करेंगे

# देवभूमि के देवत्व की रक्षा

- विभिन्न विकास कार्यों का किया शिलान्यास, लोकार्पण
- मुख्यमंत्री ने विकास प्रदर्शनी का भी किया अवलोकन
- कनक चौक से कार्यक्रम स्थल तक रोड शो किया गया आयोजन




संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सरकार के चार वर्ष पूरा होने पर परेड ग्राउंड में आयोजित 4 साल बेमिसाल कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को नवरात्र की शुभकामनाओं देने के साथ अपनी बात रखते हुए कहा कि आज से चार वर्ष पूर्व प्रदेश की जनता ने सभी मिथकों तोड़कर, उन्हें पुनः राज्य की सेवा का अवसर प्रदान किया था। इसके बाद इसी मैदान में शपथ ग्रहण के दौरान उन्होंने राज्य आंदोलनकारियों के सपनों के अनुसार देवभूमि के गौरव को पुनर्स्थापित करने का संकल्प लिया था। अब चार साल के बाद वो गर्व से कह सकते हैं कि वह संकल्प तेजी से सिद्धि की ओर बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार देवभूमि के दैवत्व की रक्षा के लिए डेमोग्राफी को भी संरक्षित रखने का प्रयास कर रही है। इसके लिए जहां एक ओर प्रदेश में सख्त धर्मांतरण विरोधी और दंगा विरोधी कानूनों को लागू किया। कहा कि प्रदेश सरकार ने सख्त कार्रवाई करते हुए 12 हजार एकड़ से अधिक की सरकारी भूमि को मुक्त कराया है। साथ ही छद्म भेष धारण कर लोगों को ठगने वालों के खिलाफ ऑपरेशन कालनेमि संचालित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने समान नागरिक संहिता कानून लागू कर सभी धर्मों के नागरिकों के लिए एक समान कानून लागू किया है, जिसे देशभर के राष्ट्रवादी सोच के लोगों ने सराहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी वर्ष से जुलाई से उत्तराखंड में सभी मदरसों में सरकारी बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम ही पढ़ाया जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2021 में बाबा केदारनाथ की दिव्य धरा से कहा था कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा। इसलिए प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री के मुख से निकले इन शिवोमयी शब्दों को चरितार्थ करने के संकल्प को लेकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार ने बीते चार वर्षों में जहां सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रेल एवं हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत कर नागरिकों के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने का प्रयास किया है। वहीं, विभिन्न नीतियों और योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के समग्र विकास का विजन प्रस्तुत किया है। इन्हीं प्रयासों से बीते चार वर्षों में राज्य ऐसी कई ऐतिहासिक उपलब्धियों का साक्षी बना है जो किसी भी छोटे राज्य के लिए असंभव समझी जाती थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार राज्य में जी–20 जैसे वैश्विक सम्मेलन की बैठकों का सफल आयोजन किया गया, वहीं राष्ट्रीय खेलों का भी भव्य आयोजन किया गया। इतना ही नहीं, पहली बार उत्तराखंड में ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन किया गया, जिसमें 3.76 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए,

(शेष पेज सात पर)

### नई कार्य संस्कृति विकसित

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार देहरादून को एक आधुनिक और विकसित शहर बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य कर रहे हैं। आज देहरादून में लगभग 14 सौ करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के समय केवल घोषणाएं होती थी, तब केंद्र से भेजा गए 1 रुपए में से 15 पैसे ही लोगों तक पहुंच पाते थे।

- राजनीति और समाज आये आमने–सामने
- कांग्रेस ने बताया राजनीतिक एजेंडा, भाजपा संतुलित

## चारधाम में गैर हिंदुओं के प्रवेश पर रोक के बाद सियासत तेज

# आस्था और परंपरा के नाम पर 'नई बहस'

कार्यालय संवाददाता

**देहरादून।** चारधाम में आस्था और परंपरा के नाम पर लिए गए फैसलों ने एक नई बहस को जन्म दे दिया है। गंगोत्री धाम और बदरी केदार मंदिर समिति से जुड़े फैसलों के बाद राज्य की राजनीति और समाज आमने–सामने आ गए हैं और चारधाम में गैर हिंदुओं के प्रवेश पर रोक के बाद सियासत तेज हो गई है।

बता दें कि कुछ समय पहले बदरी केदार मंदिर समिति ने बदरीनाथ धाम और केदारनाथ धाम में गैर सनातनियों के प्रवेश को लेकर सख्त रुख अपनाया था। इसके बाद अब गंगोत्री धाम से भी इसी तरह का निर्णय सामने आया है, जिसने इस पूरे मुद्दे को और ज्यादा संवेदनशील बना दिया है। गंगोत्री मंदिर समिति ने गैर सनातनियों के प्रवेश पर रोक लगाने के साथ शर्तें तय की हैं।

समिति के फैसले के अनुसार यदि कोई गैर सनातनी गंगोत्री धाम में प्रवेश करना चाहता है, तो उसे पंचगव्य का पान करना होगा। पंचगव्य, जो कि सनातन परंपरा में बेहद पवित्र माना जाता है, पांच तत्वों गोमूत्र, गोबर, दूध, दही और घी से मिलकर तैयार होता



है। सनातन धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है, इसलिए इन तत्वों का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व बहुत अधिक माना जाता है। समिति का तर्क है कि पंचगव्य का सेवन व्यक्ति की आस्था को स्पष्ट करता है और उसे शु बनाता है, जिससे वह धाम में प्रवेश के योग्य हो जाता है।मामले में कांग्रेस इसे चुनाव से पहले का राजनीतिक एजेंडा बता रही है, जिसका मकसद सामाजिक सौहार्द को प्रभावित कर चुनावी लाभ लेना है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि मुस्लिम समाज मूर्ति पूजा में विश्वास नहीं रखता, इसलिए वह पहले से ही ऐसे मंदिरों में दर्शन के लिए नहीं जाता। ऐसे में इस तरह के फैसले अनावश्यक हैं और केवल समाज में विभाजन पैदा करने के लिए लिए गए हैं। दूसरी ओर सत्ताधारी दल भाजपा इस मुद्दे पर संतुलित रुख अपनाती नजर आ रही है। विधायक विनोद चमोली ने कहा कि कठोर फैसलों की शायद जरूरत नहीं थी, क्योंकि मुस्लिम समाज खुद ही मूर्ति पूजा नहीं करता और ऐसे धामों में नहीं आता। सोशल मीडिया के लिए रील बनाने या मनोरंजन के उद्देश्य से पहुंचते हैं, जिससे धामों की गरिमा प्रभावित होती है। ऐसे लोगों को रोकने के लिए ही समिति ने यह कदम उठाया हो सकता है।

# दून वैली मेल

## संपादकीय

### कहां लापता हो गए मतदाता?

शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के बिना लोकतंत्र संविधान के कोई मायने नहीं रह जाते हैं। सरकार द्वारा देश भर में जो एसआईआर की प्रक्रिया शुरू की गई है इसका प्रत्यक्ष उद्देश्य मतदाता सूचियों में सुधार और शुद्धिकरण है। फर्जी और अपात्र मतदाताओं के नामों को हटाकर और पात्र मतदाताओं को इस सूची में जोड़े जाने चाहिए। लेकिन इस प्रक्रिया को लेकर तमाम तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं। सरकार पर इसके जरिए एक समुदाय विशेष के नाम हटवाने और इस प्रक्रिया को अपने चुनावी फायदे के लिए इस्तेमाल करने के तमाम उदाहरणों और आरोपो के बीच न्यायालयों तक पहुंची इस जंग से हम सभी वाकिफ है। सरकार द्वारा इस एसआईआर की प्रक्रिया को उन राज्यों से शुरू किया जाना जहां चुनाव होने वाले हैं संदेह की स्थिति पैदा करता है। अब तक ऐसे तमाम सबूत सामने आ चुके हैं जो इस बात को प्रमाणित कर चुके हैं कि यह मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण नहीं अशुद्धीकरण करने के लिए किया जा रहा है। जिन पांच राज्यों में इस समय चुनावी प्रक्रिया चल रही है वहां तो इसे लेकर बवाल मचा ही है साथ ही यूपी और उत्तराखंड जैसे जिन राज्यों में 2027 में चुनाव होने हैं वहां भी एस आई आर की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। बात उत्तराखंड की की जाए तो यहां एस आई आर की जो अग्रिम रिपोर्ट आई है वह अत्यंत चौंकाने वाली है उत्तराखंड के मैदानी जिलों जिसमें देहरादून, हरिद्वार और उधम सिंह नगर के शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मतदाताओं के गायब होने की खबर है बात अगर देहरादून की करें तो यहां लगभग 50 फीसदी मतदाता गायब हैं। बीएलओ अब उनके पते पर जाकर उन्हें ढूंढ रहे हैं तो पता चल रहा है कि वह वहां रहते ही नहीं है। दून के 50 फीसदी रायपुर के 40 फीसदी धर्मपुर के 33 फीसदी मतदाता गायब हैं। बात हरिद्वार की करें तो यहां भी 20 फीसदी मतदाता अपने पुराने पते पर अब मौजूद नहीं है वही नैनीताल क्षेत्र से 31 फीसदी मतदाता गायब है। उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों के लिए यह अवश्य ही संतोष की बात कही जा सकती है कि पलायन के तमाम दावों के बीच यहां मतदाताओं के गायब होने के मामले सामान्य से भी कम है। रुद्रप्रयाग और बागेश्वर में 100 फीसदी मतदाताओं की मौजूदगी की बात प्री एसआईआर की एक रिपोर्ट में सामने आई है जबकि चंपावत और उत्तरकाशी में एक 98-99 फीसदी, अल्मोड़ा में 97 और सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में 95 फीसदी मतदाता मौजूद मिलने की बात कही जा रही है। अगर इस सवाल का जवाब तलाशा जाये कि राज्य के शहरी क्षेत्र से यह मतदाता कहां गायब हो गए तो प्रथम दृष्टया इन शहरों के विस्तारीकरण पर ही नजर जाती है। अपने स्थाई निवास बेचकर नए घरों में जाकर बसने वाले मतदाताओं की बड़ी संख्या है। ग्रामीण क्षेत्रों से हुए पलायन के कारण भी मतदाता सूची में भारी फेर बदल आया है लोगों के शहरो और ग्रामीण क्षेत्र दोनों की सूची में नाम होने की बड़ी तादात होगी। सच यह है कि सरकार के पास मतदाताओं की सही और समय-समय पर मैपिंग करने की कोई ठोस व्यवस्था ही नहीं है। लोग स्थान परिवर्तन के बाद अपना नाम नई सूची में जुड़वा लेते हैं और पुरानी सूची से उनका नाम काटा ही नहीं जाता है। भले ही इन मतदाता सूचियों की महत्ता किसी की सरकार बनाने और किसी की सरकार न बनने की गारंटी हो या लोकतंत्र का असली दायित्व इन सूचियों के शुद्धता पर निर्भर हो लेकिन इन सूचियों का शुद्धिकरण किसी चुनौती से कम नहीं है।

# चार हुडदंगी गिरफ्तार

संवाददाता

**देहरादून।** पुलिस ने हुडदंग कर रहे चाल लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना सहसपुर पुलिस को सूचना मिली कि धर्मावाला चौक पर कुछ शरारती तत्वों द्वारा मरपीट र हुडदंग किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि कुछ युवक एक युवक के साथ मारपीट कर रहे हैं। जिसके बाद पुलिस ने मारपीट कर रहे चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पीडित व्यक्ति रविन्द्र सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी शाहपुर कल्याणपुर धर्मावाला द्वारा उक्त व्यक्तियों के खिलाफ मारपीट जान से मारने की ध मकी देने व वाहन को क्षतिग्रस्त कर अपने वाहन को खतरनाक तरीके से



चलाते हुए आमजन के जीवन को खतरे में डालने के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज कराया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम इकराम पुत्र अब्दुल लतीफ निवासी ध र्मावाला, विशाल गोयल पुत्र राजेश स्वरूप गोयल निवासी शाहपुर धर्मावाला, शाहरूख पुत्र लियाकत निवासी प्रतीतपुर सहसपुर, अरशद पुत्र अलाउददीन निवासी प्रतीतपुर सहसपुर बताया। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## जन-जन की सरकार: 4 साल बेमिसाल

# राज्य में तीन दिन चलेंगे कार्यक्रम, जनता तक पहुंचाई जाएगी उपलब्धियां

विशेष संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली भाजपा ने अपने कार्यकाल के आज 4 साल पूरे कर लिए हैं इस अवसर पर राजधानी के परेड ग्राउंड में आयोजित विशेष कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि इन चार सालों में प्रदेश में विकास के अभूतपुर्ण काम हुए हैं। मुख्यमंत्री ने आज 601 करोड़ की 74 विकास योजनाओं का लोकार्पण भी किया।

मुख्यमंत्री धामी फूलों से सजी एक खुली जिप्सी में सवार होकर यहां पहुंचे और यहां बड़ी संख्या में मौजूद छात्रों-महिलाओं तथा लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। जन-जन की सरकार 4 साल बेमिसाल के स्लोगन के साथ अपने 4 साल पूरे होने का यह जश्न पूरे प्रदेश में तीन दिनों तक मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आज सभी जिला मुख्यालयों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सरकार द्वारा यहां एक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्व. पूर्व मुख्यमंत्री एन डी तिवारी जिन्होंने अपने 5 साल का कार्यकाल पूरा किया था के बाद 4 साल का कार्यकाल पूरा करने वाले पहले सीएम है। अगर उनके पूर्व कार्यकाल को भी जोड़ लिया जाए तो वह साढ़े चार साल हो जाता है अगर वह एक साल और मुख्यमंत्री बने रहते हैं तो धामी मुख्यमंत्री की तौर पर सबसे अधिक कार्यकाल तक रहने वाले सीएम बन जाएंगे जिसका जश्न भी भाजपा मना रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उनके कार्यकाल में किए गए कामों की लिस्ट इतनी लंबी है कि उनका उल्लेख किया जाना संभव नहीं है। देश में यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बनाने से लेकर रिकॉर्ड पर्यटकों की आवाजाही और सशक्त भू कानून नकल रोधी कानून, भर्तियों में पारदर्शिता लाने तथा 4 साल में 32 हजार युवाओं को नौकरियां देने से लेकर मदरसा बोर्ड को समाप्त करने और धर्मांतरण रोकने जैसे तमाम महत्वपूर्ण काम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में कनेक्टिविटी में सुधार की दिशा में काफी काम हुआ है। जिससे लोगों का जीवन आसान हुआ है। आयुष्मान भारत योजना के तहत राज्य के 17 लाख लोगों को मुफ्त इलाज मिला है जिस पर सरकार ने 3400 करोड़ रूपया खर्च किया है। राज्य के लोगों की प्रति व्यक्ति आय अब 2 लाख 73000 हो गई है। राज्य में औद्योगिक निवेश भी बढ़ा है। इस अवसर पर उनके साथ कई मंत्री व नेता भी मौजूद रहे।

# मां डाटा काली मनोकामना सिद्धपीठ का 223वां वार्षिकोत्सव 12 जुलाई को

संवाददाता

**देहरादून।** माँ डाट काली मनोकामना सिद्धपीठ के 223 वे वार्षिकोत्सव 12 जुलाई को भैरव पूजन से प्रारम्भ होगा।

आज चेत्र मास की शुक्ल पंचमी को माँ डाट काली मनोकामना सिद्धपीठ के 223 वे वार्षिकोत्सव की तिथि निर्धारित हुई। इस शुभ अवसर पर महंत रमन प्रसाद गोस्वामी एंव माता हेमलता गोस्वामी के पावन सानिध्य में आगामी मंदिर के 223 वे वार्षिकोत्सव की शुभ तिथि पूजा अर्चना के साथ तय हुई। इस अवसर पर महंत जी के सुपुत्र शुभम गोस्वामी एंव संयम गोस्वामी ने सयुक्त रूप से तिथि की घोषणा की, उन्होंने बताया कि माता रानी का वार्षिकोत्सव आगामी 12 जुलाई 2026 दिन रविवार को भैरव पूजन से प्रारंभ होगा। उसी क्रम में 13 जुलाई दिन सोमवार को शिव पूजन, 14 जुलाई दिन मंगलवार को सुंदरकांड, 16 जुलाई दिन वीरवार को नगर परिक्रमा एंव झंडा पूजन, 21 जुलाई दिन मंगलवार (आषाढ़ शुक्ल पक्ष अष्टमी) को माता रानी का भव्य जागरण एंव 22 जुलाई दिन बुधवार को माता रानी का हवन व विशाल भंडारे के साथ संपूर्ण होगा। मंदिर के सेवादार गौरव कुमार ने बताया कि 223 व वार्षिकोत्सव बहुत ही धूम धाम से मनाया जाएगा, जिसमे की देश विदेश से माता रानी के भक्त माँ का आशीर्वाद प्राप्त करने आयेंगे। पूजा अर्चना आचार्य अनूप ममगाई, आचार्य शैलेंद्र थपलियाल, आचार्य प्रवीण जुयाल, आचार्य विजेंद्र थपलियाल, आचार्य शिवांग थपलियाल द्वारा की गई।



इस अवसर पर दिनेश अग्रवाल( टीटू भाई), नरसिंह दास, हरीश मारवाह, गौरव कुमार, श्रवण वर्मा, गौतम प्रजापति, अश्वनी अग्रवाल, विक्की खत्री, सूरज शर्मा, नीरज गोस्वामी, श्लोक गोस्वामी, सुनील आहुजा, अनूप बंगा, गिरधारी लाल माटा, राजेश वालिया, अनुज कंबोज, अरुण कुमार, अनुज सैनी, सोनल अग्रवाल, होरीलाल, योगेन्द्र सिंह, अंशुल गुप्ता, मनोज गुप्ता, सागर आदि मौजूद रहे।

## नये मंत्रियों को बांटे विभाग

# धन सिंह से छीनकर दिया सुबोध को स्वास्थ्य विभाग

संवाददाता

**देहरादून।** धामी कैबिनेट विस्तार के बाद मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। मुख्यमंत्री सामान्य प्रशासन, गृह, कार्मिक, सतर्कता, नियुक्ति, प्रशिक्षण और सूचना एवं जनसंपर्क जैसे प्रमुख विभाग स्वयं देखेंगे। सुबोध उनियाल को स्वास्थ्य विभाग दिया गया है। जारी सूची के अनुसार विभागों का बंटवारा मंत्रियों के बीच करते हुए उन्हें उनके-उनके दायित्व सौंपे गए हैं, ताकि विभागीय कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। खजान दास को समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, छात्र कल्याण, भाषा विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। भरत सिंह चौधरी को ग्राम्य विकास विभाग और लघु एवं सूक्ष्म मध्यम उद्यम की जिम्मेदारी दी गई है। मदन कौशिक को पंचायती राज, आपदा प्रबंध न एवं पुनर्वास, आयुष एवं आयुष शिक्षा,

### विभागों का बंटवारा संतुलन साधने की कोशिश की

पुनगर्ठन एवं जनगणना, प्रदीप बत्रा को परिवहन विभाग के साथ ही सूचना प्रौद्योगिकी, सुराज एंव विज्ञान प्रौद्योगिकी, जैव प्रोद्योगिकी की जिम्मेदारी, राम सिंह कैड़ा को शहरी विकास विभाग, पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन, जलागम प्रबंधन की जिम्मेदारी दी गई है। राजनीतिक और प्रशासनिक दृष्टि से यह बंटवारा संतुलन साधने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन के साथ-साथ प्रशासनिक दक्षता को ध्यान में रखते हुए विभागों का पुनर्गठन किया गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रमुख प्रशासनिक विभाग अपने पास रखना एक रणनीतिक कदम है, जिससे शासन की मुख्य कमान उनके नियंत्रण में बनी रहेगी।'

## संक्षिप्त समाचार

### डेढ़ दर्जन भेड़–बकरियों की मौत

**उत्तरकाशी(आरएनएस)।** मोरी विकासखंड के सल्ला गांव के जंगलों में बीते शनिवार दोपहर बिजली गिरने से डेढ़ दर्जन से अधिक भेड़ बकरियों की मौत हो गई। घटना उस वक्त हुई जब क्षेत्र में अचानक मौसम खराब हुआ और आंधी–तूफान के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान जंगल में चर रही भेड़–बकरियों पर बिजली गिर गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कासला गांव निवासी चैन सिंह, जोत सिंह, संदीप, नारायण सिंह, विक्रम सिंह सहित अन्य भेड़ पालकों की भेड़–बकरियां जंगल में चरान चुगान के लिए गई हुई थीं। दोपहर में अचानक गिरी बिजली की चपेट में आने से करीब डेढ़ दर्जन भेड़ बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। चैन सिंह ने बताया कि इन दिनों मोरी पर्वतीय क्षेत्र में भेड़ पालक अपने पशुओं को जंगलों में चरान के लिए ले जाते हैं और अस्थायी डेरा डालकर वहीं रहते हैं। बीते शनिवार को भी भेड़ पालकों का डेरा सल्ला गांव के ऊपरी जंगलों में था। इस दौरान मौसम खराब हुआ और यह हादसा हो गया। पीड़ित भेड़ व बकरी पालकों ने प्रशासन से नुकसान का उचित मुआवजा देने की मांग की है।

### सीएमओ ने अतिरिक्त पीएचसी में जांच शुरू करवाने का दिया आश्वासन

**कोटद्वार(आरएनएस)।** सनेह क्षेत्र के लालपानी में स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जल्द ही सामान्य स्वास्थ्य जांच सुविधाएं शुरू होने जा रही हैं। इससे मरीजों को छोटी–छोटी जांचों के लिए कई किलोमीटर दूर कोटद्वार शहर नहीं जाना पड़ेगा। अब तक लालपानी के लोगों को जांच के लिए कोटद्वार के बेस अस्पताल या निजी सेंटरों पर निर्भर रहना पड़ता था, जहां सीमित समय और महंगी जांच के कारण उन्हें परेशानी झेलनी पड़ती थी। निरीक्षण के दौरान पहुंचे सीएमओ डॉ. शिवमोहन शुक्ला को अस्पताल की ओपीडी कम मिली। इस पर स्टाफ ने बताया कि सामान्य जांच सुविधाओं के अभाव में मरीज सीधे अन्य स्थानों पर उपचार के लिए चले जाते हैं। सीएमओ ने आश्वासन दिया कि जल्द ही अस्पताल में रक्तचाप, मधुमेह, हिमोग्लोबिन, प्रेग्नेंसी टेस्ट सहित करीब 10 प्रकार की सामान्य जांच शुरू की जाएंगी, जिनके लिए बड़ी मशीनों या पैथोलॉजिस्ट की जरूरत नहीं होती। साथ ही, इसके लिए स्टाफ नर्स की तैनाती भी की जाएगी।

### नई शर्तों से ठेकेदारों में आक्रोश

**विकासनगर(आरएनएस)।** ठेकेदार कल्याण समिति लोक निर्माण विभाग साहिया में पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा ई–निविदाओं में नई शर्तों को लेकर रविवार को डाकपत्थर बैराज मैदान में एक बैठक की गई है। कहा कि विभागीय स्तर पर समस्या का समाधान नहीं होने पर सुप्रीम कोर्ट की शरण में जाएंगे।

### मनीषा ने जीता तीसरा स्थान

**हरिद्वार(आरएनएस)।** आईआईटी रुड़की की 11 किमी वूमेन हाफ मैराथन में उत्तराखंड संस्कृत विवि की छात्रा मनीषा ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में देशभर से आई धाविकाओं ने भाग लिया। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि शास्त्री प्रथम वर्ष की छात्रा मनीषा को आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. केके पंत ने ट्रॉफी और 11 हजार रुपये की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराकर खेल स्तर को ऊंचा किया जाएगा। कुलपति प्रो. रमाकांत पांडेय, कुलसचिव दिनेश कुमार राणा, वित्त अधिकारी लाखेंद्र गोथियाल, क्रीड़ा सचिव प्रो. लक्ष्मीनारायण जोशी, सहायक कुलसचिव संदीप भट्ट और सुनील कुमार ने मनीषा को बधाई दी है।

### लालढांग में प्रशिक्षण में बूथ प्रबंधन पर जोर

**हरिद्वार(आरएनएस)।** भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के तहत लालढांग मंडल का प्रशिक्षण वर्ग कांगड़ी स्थित बैंक्वेट हॉल में शुरू हो गया। जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा कि बूथ प्रबंधन ही भाजपा की असली ताकत है, इसलिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहते हुए आपसी तालमेल के साथ काम करना चाहिए। पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप गोयल ने राष्ट्रीय एकता, नई शिक्षा नीति और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों से रूबरू कराया। इस दौरान प्रदेश संयोजक विशाल गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य बृजमोहन पोखरियाल, मंडल अध्यक्ष विक्रम चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष सीमा चौहान, प्रधान कमलेश द्विवेदी, शशि पाल सिंह झंडेवाल, मंडल महामंत्री सुनील पाल, सरिता अमोली मौजूद रहे।

### पथरी में मारपीट के मामले में 13 पर मुकदमा

**हरिद्वार(आरएनएस)।** पथरी के बोड़ाहेड़ी में मारपीट के एक मामले में पुलिस ने 13 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने पीड़ित के घर में घुसकर गाली–गलौज करते हुए लाठी–डंडे और धारदार हथियार से हमला किया। इस हमले में परिवार के कई सदस्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पीड़ित ने मेडिकल जांच कराई और उसके बाद पुलिस को तहरीर दी। एसओ पथरी मनोज नौटियाल ने बताया कि इस मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# देहरादून-लैंसडौन बस सेवा ठप

**कोटद्वार(आरएनएस)।** देहरादून से लैंसडौन के बीच चलने वाली बस सेवा बंद होने से क्षेत्र के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सीधी बस सेवा बंद होने से न केवल राजधानी से संपर्क टूट गया है, बल्कि यात्रियों को अलग–अलग स्टेशनों पर भटकना पड़ रहा है। दरअसल, 11 मार्च को लैंसडौन–कोटद्वार मार्ग पर तुसरानी मोड़ के पास एक बस की चपेट में आकर भानकोट निवासी 14 वर्षीय छात्र नैतिक जुयाल गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद पुलिस ने बस को सीज कर चालक को हिरासत में लिया था। कोतवाल रमेश तनवर के अनुसार, बस को रिलीज करने के आदेश दे दिए गए हैं और चालक को जमानत भी मिल चुकी है। इसके बावजूद बस अभी तक लैंसडौन कोतवाली परिसर के निकट नरेंद्र क्लब में खड़ी है।

स्थानीय लोगों ने उत्तराखंड परिवहन निगम के अधिकारियों पर जानबूझकर सेवा बंद रखने का आरोप लगाया है। व्यापारी नमन वाधवा का कहना है कि बड़ी मुश्किल से यह सेवा शुरू हुई थी, लेकिन अब अधिकारी बस को रिलीज कराने या वैकल्पिक बस चलाने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। समाजसेवी मनवर सिंह रावत ने बताया कि यह बस सेवा लैंसडौन, जयहरीखाल, गुमखाल, डेरियाखाल, चुंडई, चमेठा, पीड़ा, धोबीघाट, पालकोट और दुगड्डा सहित लगभग 100 गांवों को जोड़ती है। सेवा बंद होने से सैकड़ों लोग देहरादून से कट गए हैं और सरकारी कार्यों के लिए आने–जाने वाले कर्मचारियों व आम जनता को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।



### पर्यटकों के लिए खोला गया चीला पार्क का मुंडाल मार्ग

**हरिद्वार(आरएनएस)।** राजाजी टाइगर रिजर्व की चीला रेंज में जंगल सफारी के लिए बंद किया गया मुंडाल मार्ग अब खोल दिया गया है। रविवार को सफारी करने पहुंचे पर्यटकों को इसी मार्ग से भेजा गया। बीते शुक्रवार को बारिश के कारण चीला रेंज के बड़े हिस्से में कीचड़ जमा हो गया था। मुंडाल मार्ग पर सफर जोखिमभरा होने के कारण इसे अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। इसके चलते शनिवार को पर्यटकों को सीमित क्षेत्र में ही जंगल सफारी कराई गई। वन विभाग के अनुसार, बारिश के कारण मुंडाल मार्ग वाहनों के चलने योग्य नहीं था, इसलिए पर्यटकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देकर यह निर्णय लिया गया। अब जिला पार्क के वन आरक्षी राहुल सैनी ने बताया कि इस मार्ग को दुरुस्त कर लिया गया है। रविवार सुबह ही मुंडाल मार्ग को पर्यटकों के लिए खोल दिया गया।

## चिल्हाड़ में गुलदार की दशहत से ग्रामीण भयभीत

**विकासनगर(आरएनएस)।** जौनसार बावर के चिल्हाड़ गांव में गुलदार की धमक से लोग खौफजदा हैं। शनिवार देर रात एक पशुपालक की गौशाला में बंद बछड़े पर गुलदार ने हमला कर दिया। हालांकि पशुपालक के शोर मचाने पर गुलदार बछड़े को छोड़कर भाग गया। ग्रामीणों ने वन विभाग से जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। वन विभाग का कहना है कि गुलदार की लगातार के दिखने से क्षेत्र में वन विभाग ने गश्त बढ़ाने के साथ ही पिंजरा लगाने के लिए अनुमति मांगी है।

# धर्मनगरी में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**हरिद्वार(आरएनएस)।** धर्मनगरी में रविवार को श्रद्धालुओं की अच्छी–खासी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही हरकी पैड़ी और आसपास के गंगा घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु डुबकी लगाते नजर आए। धार्मिक माहौल के बीच पूरे दिन गंगाघाट पर रौनक बनी रही। बड़ा बाजार, अपर रोड और मोती बाजार में भी श्रद्धालुओं की चहल–पहल नजर आई। लोग पूजा सामग्री की खरीदारी करते दिखे। बाजारों में बढ़ी भीड़ से व्यापारियों, दुकानदारों और होटल व्यवसायियों के चेहरे खिल उठे। व्यापारी संजय ने बताया कि रविवार को अच्छी बिक्री हुई। होटल व्यवसायी अमित शर्मा के अनुसार, वीकेंड पर होटलों के अधिकतर कमरे बुक रहे। हरकी पैड़ी के पास प्रसाद विक्रेता प्रकाश ने बताया कि रविवार की भीड़ को देखकर लग रहा है कि इस बार गर्मी के सीजन में अच्छी संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचेंगे। मोती बाजार के भुवनेश पांडेय ने भी बताया कि दिनभर दुकानदारी अच्छी रही। दूसरी ओर, हरकी पैड़ी के पास स्थित पंडित दीनदयाल पार्किंग चौपहिया वाहनों से खचाखच भरी रही।



### हरकी पैड़ी पर गूंजा संस्कृत काव्य

**हरिद्वार(आरएनएस)।** उत्तराखंड संस्कृत विवि की पहल पर हरकी पैड़ी में पहली बार आयोजित संस्कृत कवि सम्मेलन में देशभर से आए कवियों ने देर रात तक श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। यह आयोजन साहित्य अकादमी नई दिल्ली और श्री गंगा सभा हरिद्वार के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। रविवार को कवि सम्मेलन की शुरुआत मां गंगा की स्तुति से हुई। जयपुर से आई युवा कवयित्री संस्कृति चतुर्वेदी ने अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं का ध्यान खींचा। बागपत के डॉ. अरविंद तिवारी, देहरादून के प्रो. रामविनय सिंह और डॉ. शशिकांत तिवारी 'शशिधर' ने अपनी रचनाओं से वातावरण को भावपूर्ण बना दिया। राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान के पूर्व कुलपति डॉ. राधावल्लभ त्रिपाठी और पद्मश्री डॉ. अभिराज राजेन्द्र मिश्र की कविताओं ने देशभक्ति और सांस्कृतिक चेतना का संदेश दिया। कुलपति प्रो. रमाकांत पांडेय ने बसंत और ग्रामीण जीवन पर आधारित काव्य प्रस्तुत किया। डॉ. हरेकृष्ण शतपथी की रचनाओं ने भी श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।


उत्तराखण्ड शासन
देवभूमि रजत उत्सव
जन-जन की सरकार
4 साल बेमिसाल
उत्तरोत्तर विकास पथ पर अग्रसर
उत्तराखण्ड
21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक है।
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड सर्वांगीण विकास की नई मिसाल बन रहा है। स्थानीय उत्पाद, बेहतर कनेक्टिविटी, उद्योग एवं निवेश तथा हर मौसम पर्यटन सहित देवभूमि अपनी अलौकिक विरासत को संजोते हुए विकास के नए आयाम छू रही है।
पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
विकसित भारत
सशक्त
उत्तराखण्ड
विरासत भी, विकास भी
इंफ्रास्ट्रक्चर एवं कनेक्टिविटी
• केदारनाथ–हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजना
• दिल्ली–देहरादून एलिवेटेड रोड निर्माण
• ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाइन प्रगति पर
• टनकपुर–बागेश्वर रेल सर्वे स्वीकृत
• सौंग व जमरानी बांध परियोजना
• पर्वतीय जिलों में हेली सेवा विस्तार
• ₹3.56 लाख करोड़ निवेश समझौते
• ₹1 लाख करोड़+ ग्राउंडिंग
• अर्थव्यवस्था 26 गुना वृद्धि
• ₹1.11 लाख करोड़+ वार्षिक बजट
• खुरपिया में स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप
• हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड
अर्थव्यवस्था, निवेश एवं उद्योग
GDP

## हरित ऊर्जा एवं ग्रामीण विकास

- 1 गीगावाट+ सौर ऊर्जा क्षमता
- 42,000+ सोलर रूफटॉप
- वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (सीमांत गांव विकास)
- महक क्रांति व मिलेट्स मिशन





## संस्कृति एवं विरासत का संरक्षण

- केदारनाथ–बदरीनाथ मास्टर प्लान
- मानसखण्ड मंदिर माला मिशन
- शीतकालीन यात्रा का शुभारंभ
- संस्कृत ग्राम पहल
- गीता अध्ययन पाठ्यक्रम में शामिल
- दून विश्वविद्यालय में हिंदू अध्ययन केंद्र
- स्पिरिचुअल इकोनॉमिक ज़ोन (गढ़वाल–कुमाऊं)



## सुशासन

- 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान
- 30,000+ युवाओं को सरकारी नौकरी
- 950+ सेवाएं ऑनलाइन (अपुणि सरकार पोर्टल)
- 12,000 एकड़ अतिक्रमण मुक्त
- पेंशन योजनाओं में वृद्धि एवं मासिक भुगतान

## बड़े निर्णय

- समान नागरिक संहिता
- सशक्त भू-कानून
- सख्त धर्मांतरण विरोधी कानून
- नकल विरोधी कानून
- अग्निवीरों को 10% क्षैतिज आरक्षण



संकल्प से शिखर तक










## नेशनल लेवल रैंकिंग व प्रोत्साहन

- निर्यात तैयारी सूचकांक में प्रथम (छोटे राज्य)
- एसडीजी इंडेक्स में शीर्ष स्थान
- स्टार्टअप रैंकिंग में 'लीडर'
- खनन सुधारों में देश में दूसरा स्थान
- शहरी सुधारों हेतु ₹264.5 करोड़ प्रोत्साहन



## नीतिगत सुधार

**30 से अधिक नीतियां**

- औद्योगिक नीति, पर्यटन एवं योग नीति
- नई फिल्म नीति (50% तक सब्सिडी)
- मिलेट्स नीति, कीवी नीति (70% अनुदान)
- ड्रैगन फ्रूट प्रोत्साहन योजना
- महक क्रांति 2026-36
- महिला स्वरोजगार एवं लखपति दीदी योजना आदि









**प्रधानमंत्री जी के नौ आग्रह**

**स्थानीय लोगों से:** बोली-भाषा का संरक्षण, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छ जल, गांव से जुड़ाव, तिबारी वाले घरों को संवारें

**पर्यटकों से:** प्लास्टिक के इस्तेमाल से बचें, वोकल फॉर लोकल, यातायात के नियम अपनाएं, तीर्थों की मर्यादा का पालन करें।

**सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी**

www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# संक्षिप्त समाचार

## वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले शिवम का सम्मान

**ऋषिकेश(आरएनएस)।** आदर्शग्राम ऋषिकेश निवासी शिवम गोस्वामी को रविवार को विधायक प्रेमचंद अग्रवाल ने सम्मानित किया। विधायक ने बताया कि राजपाल गोस्वामी के पुत्र शिवम गोस्वामी ने लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दो नए विश्व रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। शिवम ने दो अलग–अलग एडवांस योगासनों चक्रासन व्हील पोज में एक घंटा 21 मिनट तथा समकोणाशन सेंटर स्पलीट में एक घंटा 31 मिनट तक होल्ड कर विश्व रिकॉर्ड बनाया है, जो क्षेत्र, प्रदेश व देश के लिए गौरव की बात है। शिवम गोस्वामी के नाम इससे पूर्व भी गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स एवं योगा वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स सहित कुल पांच वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज हैं। दो नए रिकॉर्ड के साथ अब उनके नाम कुल सात वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज हो चुके हैं। उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए उन्हें वर्ष 2024 का "भारतीय गौरव सम्मान" भी प्रदान किया जा चुका है।

## नाबालिग ने होमगार्ड जवान को मारी टक्कर

**अल्मोड़ा(आरएनएस)।** जनपद में चेकिंग के दौरान एक नाबालिग बाइक चालक द्वारा तेज रफ्तार में भागते हुए होमगार्ड जवान को टक्कर मारने का मामला सामने आया है। घटना में जवान गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार भतरौजखान क्षेत्र में छोटी घट्टी तिराहे पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान दिल्ली नंबर की एक बुलेट मोटरसाइकिल को रोकने का संकेत दिया गया, लेकिन उस पर सवार दो युवक रुकने के बजाय तेज गति से भाग निकले। संदिग्धता के आधार पर पुलिस ने आगे तैनात टीम को सतर्क किया। भतरौजखान क्षेत्र में पुलिस द्वारा वाहन रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन बाइक चालक ने तेज रफ्तार में होमगार्ड जवान श्याम सुंदर को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए नाबालिग चालक को संरक्षण में लिया और उसके साथ मौजूद प्रदीप सिंह (19) को पकड़ लिया।

## आंदोलनकारियों ने साझा किए अनुभव

**अल्मोड़ा(आरएनएस)।** नव संवत्सर के अवसर पर अयोध्या में राष्ट्रपति द्वारा श्री राम दरबार एवं श्री राम यंत्र के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होकर लौटे राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने यहां पत्रकार वार्ता आयोजित की। इस दौरान वक्ताओं ने अयोध्या में हुए कार्यक्रम को ऐतिहासिक बताया। पत्रकार वार्ता में राजीव गुरुरानी ने कहा कि अयोध्या में दो वर्ष पूर्व राम मंदिर निर्माण पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री द्वारा श्री रामलला की मूर्ति का उद्घाटन किया गया था, जबकि अब मंदिर के शेष निर्माण कार्य पूर्ण होने पर राष्ट्रपति द्वारा श्री राम दरबार एवं श्री राम यंत्र का उद्घाटन किया गया। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनना उनके लिए विशेष अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि लगभग 35 वर्ष पूर्व कारसेवा के दौरान उन्होंने बाबरी ढांचे में रामलला के दर्शन किए थे। उस समय उन्होंने अपने जीवनकाल में भव्य मंदिर निर्माण देखने की कल्पना नहीं की थी, लेकिन आज यह संकल्प पूरा हुआ है।

## चार वर्ष में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार

**अल्मोड़ा(आरएनएस)।** सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर जनपद में स्वास्थ्य विभाग की उपलब्धियों को रेखांकित किया गया। इस अवधि में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और सुलभ बनाने की दिशा में कई कदम उठाए गए, जिनका लाभ आमजन को मिला है। बीते चार वर्षों में 14,827 गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क संस्थागत प्रसव की सुविधा दी गई।

## रुद्रपुर में दिनदहाड़े ई–रिक्शा चोरी

**रुद्रपुर(आरएनएस)।** क्षेत्र में दिनदहाड़े एक युवक की ई–रिक्शा चोरी हो गई। हरी राम पुत्र गंगा राम निवासी बजरंग बिहार कॉलोनी फुलसुंगी ने बताया कि 17 मार्च की दोपहर वह अपने ई–रिक्शा से नैनीताल रोड स्थित एक बैंक में खाता खुलवाने गयाथ। यहां उसने पार्किंग में जगह न मिलने के कारण वाहन डॉक्टर्स कॉलोनी रोड के किनारे लॉक कर खड़ा किया। कुछ समय बाद लौटने पर पता चला कि वाहन चोरी हो गया है। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने मामले की जांच की जा रही है।

## 15.74 करोड़ से बनेगा ननि का नया भवन

**रुद्रपुर(आरएनएस)।** नगर निगम रुद्रपुर के पुराने जर्जर भवन को हटाकर अब आधुनिक बहुमंजिला हाईटेक कार्यालय बनाया जाएगा। इसके लिए शासन ने 15.74 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। मेयर विकास शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रदेश में विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए बजट जारी किया गया है, जिसमें रुद्रपुर नगर निगम को भी लाभ मिला है। निगम के कई विभाग अब तक पुराने भवन में संचालित हो रहे थे, जिसे देखते हुए नए भवन का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। नए भवन का निर्माण 15.74 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा।

### चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले ही सुस्त

# एडवांस बुकिंग कम, कारोबारी चिंतित

**उत्तरकाशी(आरएनएस)।** चारधाम यात्रा इस बार शुरू होने से पहले ही सुस्त पड़ती नजर आ रही है। यात्रा सीजन के नजदीक आने के बावजूद उत्तरकाशी जिले के होटल, आश्रम और विश्राम गृहों में उम्मीद के अनुरूप एडवांस बुकिंग नहीं मिली है जिससे पर्यटन और होटल कारोबार से जुड़े लोगों की चिंता बढ़ गई है। होटल एसोसिएशन से जुड़े व्यवसायियों का कहना है कि अभी तक मात्र 15 से 20 प्रतिशत तक ही एडवांस बुकिंग मिली है जबकि बीते वर्ष इसी समय तक एडवांस बुकिंग का यह आंकड़ा 60 से 70 प्रतिशत तक पहुंच चुका था। एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेंद्र मटूड़ा का कहना है कि बार बुकिंग की रफ्तार बेहद धीमी है जो आने वाले सीजन में भारी आर्थिक नुकसान का संकेत दे रही है। कारोबारियों का मानना है कि इस गिरावट के पीछे कई कारण एक साथ काम कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खाड़ी देशों में चल रहे संघर्ष और उससे उत्पन्न वैश्विक अस्थिरता



का असर आम जनजीवन पर भी पड़ा है। ईंधन संकट गहराने से रसोई गैस और अन्य जरूरी संसाधनों की उपलब्धता प्रभावित हुई है जिससे लोगों का ध्यान फिलहाल घरेलू जरूरतों और खर्चों को संतुलित करने पर अधिक केंद्रित हो गया है। इसका सीधा असर लोगों के बीच तीर्थयात्रा की योजना बनाने पर पड़ा है। वहीं होटल संचालकों को व्यवसायिक गैस सिलिंडर की पर्याप्त आपूर्ति नहीं मिल पा रही है जिससे यात्रियों के लिए भोजन व्यवस्था सुनिश्चित करना चुनौतीपूर्ण हो गया है। यात्रा कारोबारी प्रकाश भद्री, सुभाष कुमाईं का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो सीजन के दौरान सेवाएं प्रभावित होने की आशंका है। इसके अलावा अनिवार्य पंजीकरण व्यवस्था और धामों में सीमित संख्या की बाध्यता से भी होटल व्यवसाय पर सीधा असर पड़ा है। यदि जल्द ही बुकिंग की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो चारधाम यात्रा से जुड़े हजारों छोटे–बड़े कारोबारियों को इस सीजन में भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# कॉमर्शियल सिलेंडर की किल्लत से बढ़ी परेशानी

**ऋषिकेश(आरएनएस)।** नगर क्षेत्र में संचालित गैस एजेंसियों में कॉमर्शियल गैस की किल्लत बनी हुई है, जिससे होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा और फूड स्टॉल संचालकों की परेशानियां बढ़ी हुई हैं। धार्मिक संस्थाओं ने अन्न क्षेत्र को जारी रखने के लिए वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का रूख जरूर किया है, लेकिन व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में गैस की कमी से संचालक परेशान हैं। उन्हें आर्थिक संकट का डर सता रहा है। पूर्ति विभाग के मुताबिक ऋषिकेश व आसपास ग्रामीण क्षेत्र में दस गैस एजेंसियां हैं। इनमें 1,790 उपभोक्ता कॉमर्शियल हैं। सप्ताहभर पहले से सरकार ने व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के लिए कॉमर्शियल सिलेंडर की संख्या को निर्धारित किया था। इसके बाद से व्यवसायिक प्रतिष्ठान संचालकों के चेहरों पर हल्की मुस्कान जरूरी दिखी थी, मगर एजेंसियों में कॉमर्शियल सिलेंडरों को स्टॉक कम होने की वजह से उन्हें निर्धारित गैस भी नहीं मिल पा रही है। हरिद्वार रोड पर फूड स्टॉल चलाने देवेश नेगी ने बताया कि गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है, जिसके चलते काम करना ही मुश्किल हो गया है। इसी तरह से चलता रहा, तो परिवार का भरण पोषण की समस्या खड़ी हो जाएगी।रायवाला गैस एजेंसी के संचालक कमल नेगी ने बताया कि फिलहाल कॉमर्शियल सिलेंडरों की कमी बनी हुई है। वहीं, घरेलू उपभोक्ताओं को भी बुकिंग के बावजूद समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। एजेंसियों में बढ़ते बैकलॉग की वजह से घरेलू उपभोक्ताओं को भी ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों का रूख करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। पूर्ति निरीक्षक शिवमोहन भट्ट ने बताया कि एजेंसियों की निगरानी की जा रही है। उपलब्धता के अनुसार एजेंसियां सिलेंडरों की सप्लाई कर भी रही है।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

**अल्मोड़ा(आरएनएस)।** उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज और संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में रैमजे इंटर कॉलेज में आयोजित दर्शन उत्सव 2026 के दूसरे दिन विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को आकर्षित किया। कार्यक्रम का आयोजन घुश्मेश्वर महिला समिति धारानौला के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उत्तराखंड की छपेली और झुमैला नृत्य से हुई, जिसमें लोकसंस्कृति की झलक देखने को मिली। पारंपरिक वेशभूषा और तालमेल ने दर्शकों को प्रभावित किया और वातावरण उत्सवमय बना दिया। इसके बाद दिल्ली की टीम ने नृत्य नाटिका प्रस्तुत की, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। 'द नमः शिवाय', 'धारा होगी' और 'ओ रंगरेज' जैसे विषयों पर आधारित प्रस्तुतियों में अध्यात्म और आधुनिकता का समन्वय देखने को मिला। हरियाणा की टीम ने फाग और




पनिहारी नृत्य के माध्यम से ग्रामीण जीवन को प्रस्तुत किया, जबकि असम की टीम ने बिहू नृत्य से अपनी सांस्कृतिक परंपरा की झलक दिखाई। कार्यक्रम में लोकगायक राकेश खानवाल की प्रस्तुति ने माहौल को संगीतमय बना दिया, जिनके गीतों पर दर्शक झूम उठे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रघुनाथ सिंह चौहान, रवि रौतेला, विशिष्ट अतिथियों में तारा चंद्र जोशी, लता पांडे, विनीत बिष्ट, देवेंद्र भट्ट और वैभव पांडे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इसे सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बताया और कहा कि ऐसे आयोजन सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# मुख्यमंत्री ने किया पंचाग टेबल कैलेंडर का विमोचन

संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में पंचांग टेबल कैलेंडर ''उत्तराखण्ड की मिट्टी से-नायक से जन नायक पुष्कर सिंह धामी'' का विमोचन किया। आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में पंचांग टेबल कैलेंडर ''उत्तराखण्ड की मिट्टी से-नायक से जन नायक पुष्कर सिंह धामी'' का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पंचांग कैलेंडर में तिथि, वार, पक्ष, मास, पर्व एवं विशेष दिवसों की जानकारी के साथ पारंपरिक त्योहारों, व्रतों आदि को दर्शाया गया है। मुख्यमंत्री ने ऐसे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इससे लोगों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इस कैलेंडर की संकल्पना मुख्यमंत्री के मीडिया समन्वयक मदन मोहन सती द्वारा की गई है। इस पंचाग टेबल कैलेंडर में मुख्यमंत्री द्वारा जनहित में लिए गये दूरदर्शी निर्णयों राज्य सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों तथा जनकल्याणकारी नीतियों को भी समाहित किया गया है। इस अवसर पर मीडिया सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रो. गोविन्द सिंह, दीप कोश्यारी, किशोर भट्ट आदि उपस्थित थे।



# प्रधानमंत्री ने चार वर्ष के कार्यकाल पर दी राज्य सरकार को बधाई

हमारे संवाददाता

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री को भेजे गए अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा है कि देवभूमि उत्तराखंड के ऊर्जावान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि देवभूमि सदियों से आस्था, अध्यात्म, साहस और समृद्ध परंपराओं की भूमि रही है। यहां की विविध भाषाएं-बोलियां, लोक परंपराएं और सरल जीवनशैली प्रदेश को विशिष्ट पहचान देती हैं। उन्होंने कहा कि जब से केंद्र में हमारी सरकार बनी है, तब से उत्तराखंड 'विकसित भारत' के संकल्प के अनुरूप लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। चार धाम ऑल वेदर रोड परियोजना के तहत चारधाम यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है, वहीं ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे लाइन के माध्यम से प्रदेश में रेल संपर्क को मजबूत किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने प्रदेश के सीमांत क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ाने और शीतकालीन पर्यटन को प्रोत्साहित करने के प्रयासों को भी सराहा। उन्होंने कहा कि इन पहलों से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिला है, बल्कि पलायन रोकने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी मदद मिली है। अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने राज्य सरकार द्वारा स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के लिए रोजगार सृजन, स्टार्टअप्स को बढ़ावा तथा डिजिटल और हरित विकास जैसे प्रयासों को सराहनीय बताया। साथ ही, आपदा प्रबंधन की सुदृढ़ व्यवस्था और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को राज्य की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण बताया।

प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि 'अमृत काल' में विकसित भारत के निर्माण में उत्तराखंड की भूमिका और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर, समृद्ध और सुदृढ़ उत्तराखंड के निर्माण में प्रदेश के प्रत्येक नागरिक की सहभागिता अहम है।

अंत में प्रधानमंत्री ने राज्य के नागरिकों को भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में उत्तराखंड विभिन्न क्षेत्रों में नई उपलब्धियां हासिल करेगा।

# चारधाम में गैर हिंदुओं के प्रवेश पर रोक के बाद सियासत तेज

## आस्था और परंपरा के नाम पर 'नई बहस'

**◆चारधाम से जुड़ी समितियों ने शुरू की बहस ◆बीकेटीसी के बाद गंगोत्री में राजनीति गर्मा दी ◆राजनीति और समाज दोनों आये आमने-सामने ◆कांग्रेस ने बताया राजनीतिक एजेंडा, भाजपा संतुलित**

संवाददाता

**देहरादून।** चारधाम में आस्था और परंपरा के नाम पर लिए गए फैसलों ने एक नई बहस को जन्म दे दिया है। गंगोत्री धाम और बदरी केदार मंदिर समिति से जुड़े फैसलों के बाद राज्य की राजनीति और समाज आमने-सामने आ गए हैं और चारधाम में गैर हिंदुओं के प्रवेश पर रोक के बाद सियासत तेज हो गई है।

बता दें कि कुछ समय पहले बदरी केदार मंदिर समिति ने बदरीनाथ धाम और केदारनाथ धाम में गैर सनातनियों के प्रवेश को लेकर सख्त रुख अपनाया था। इसके बाद अब गंगोत्री धाम से भी इसी तरह का निर्णय सामने आया है, जिसने इस पूरे मुद्दे को और ज्यादा संवेदनशील बना दिया है। गंगोत्री मंदिर समिति ने गैर सनातनियों के प्रवेश पर रोक लगाने के साथ-साथ कुछ विशेष शर्तें भी तय की हैं। समिति के फैसले के अनुसार यदि कोई गैर सनातनी गंगोत्री धाम में प्रवेश करना चाहता है, तो उसे पंचगव्य का पान करना होगा। पंचगव्य, जो कि सनातन परंपरा में बेहद पवित्र माना जाता है, पांच तत्वों गोमूत्र, गोबर, दूध, दही और घी से मिलकर तैयार होता है। सनातन धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है, इसलिए इन तत्वों का धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व बहुत अधिक माना जाता है। समिति का तर्क है कि पंचगव्य का सेवन व्यक्ति की आस्था को स्पष्ट करता है और उसे शुद्ध बनाता है, जिससे वह धाम में प्रवेश के योग्य हो जाता है। मामले में कांग्रेस इसे चुनाव से पहले का राजनीतिक एजेंडा बता रही है, जिसका मकसद सामाजिक सौहार्द को प्रभावित कर चुनावी लाभ लेना है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि मुस्लिम समाज मूर्ति पूजा में विश्वास नहीं रखता, इसलिए वह पहले से ही ऐसे मंदिरों में दर्शन के लिए नहीं जाता। ऐसे में इस तरह के फैसले अनावश्यक हैं और केवल समाज में विभाजन पैदा करने के लिए लिए गए हैं।

दूसरी ओर सत्ताधारी दल भाजपा इस मुद्दे पर संतुलित रुख अपनाती नजर आ रही है। पार्टी के विधायक विनोद चमोली ने कहा कि इस तरह के कठोर फैसलों की शायद जरूरत नहीं थी, क्योंकि मुस्लिम समाज खुद ही मूर्ति पूजा नहीं करता और ऐसे धामों में नहीं आता। सोशल मीडिया के लिए रील बनाने या मनोरंजन के उद्देश्य से पहुंचते हैं, जिससे धामों की गरिमा प्रभावित होती है। ऐसे लोगों को रोकने के लिए ही समिति ने यह कदम उठाया हो सकता है। गौरतलब है कि उत्तराखंड के चारधाम बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री देश ही नहीं बल्कि दुनिया भर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र हैं। ऐसे में इन धामों से जुड़े किसी भी फैसले का असर व्यापक स्तर पर पड़ता है।

## 27 लाख की स्मैक सहित दो दबोचे

**नैनीताल( हमारे संवाददाता )।** नशा तस्करी में लिप्त दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिनके कब्जे से लाखों रूपये की स्मैक बरामद हुई है। जानकारी के अनुसार बीते रोज एक सूचना के बाद थाना काठगोदाम पुलिस द्वारा क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान पुलिस को वन विभाग का जू डम्पिंग जोन बागजाला के पास दो संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखायी दिये। पुलिस ने जब उन्हे रोकना चाहा तो वह सकपका कर भागने लगे। इस पर उन्हे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 91.10 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में उन्होने अपना नाम आनन्द सिंह रावत व रोहित थापा बताया। बताया कि वे स्मैक को पिंचू निवासी शक्तिफार्म सितारगंज, उधम सिंह नगर से खरीद कर लाते थे और हल्द्वानी में बेचते थे, जिसकी तलाश व गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। बरामद स्मैक की कीमत 27 लाख रूपये बतायी जा रही है।



## वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**हरिद्वार( हमारे संवाददाता )।** वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने तीन शातिरों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से चुराये गये 8 दुपहिया वाहन बरामद हुए है। जानकारी के अनुसार बीते रोज एक सूचना के बाद कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा पनियाला लाठरदेवा तिराहा, रुड़की से 3 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया, हिरासत में लिए गए आरोपियों के कब्जे से कुल 8 दोपहिया वाहन बरामद किए गए। जिनमें कोतवाली गंगनहर में पंजीकृत 4 वाहन अन्य 3 मोटरसाइकिल व 01 स्कूटी बरामद की गई। पूछताछ में आरोपियों द्वारा बताया गया कि वे चोरी किए गए वाहनों को शक्ति विहार के पास खंडहर में छुपाकर रखते थे तथा उन्हें मॉडिफाई कर बेचते थे। तीनों आरोपी नशे के आदी हैं जो अपनी नशे की जरूरत को पूरा करने के लिए चोरियों को अंजाम देते थे, सभी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम हनी कश्यप पुत्र स्व. मैनपाल कश्यप निवासी 348/22 पश्चिमी अम्बर तालाब, कोतवाली गंगनहर, हरिद्वार, सलमान पुत्र मेहरबान निवासी दून पब्लिक स्कूल के पीछे, हाजी वसी कॉलोनी, कोतवाली सिविल लाइंस, रुड़की व मयंक पुत्र अमरजीत निवासी कुएं वाली गली, पश्चिमी अम्बर तालाब, कोतवाली गंगनहर, रुड़की बताये जा रहे है।



## सरकार अपने चार साल के कार्यकाल का श्वेत पत्र जारी करे: आर्य

**देहरादून।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि सरकार ने अपने चार साल पूरे किये हैं। सरकार को अपने चार साल के कार्यो पर श्वेत पत्र जारी करना चाहिए।

आज यहां बयान जारी करते हुए यशपाल आर्य ने कहा कि सरकार ने अपने चार साल पूरे कर लिये हैं जिसके लिए सरकार जश्न मना रही है। लेकिन सरकार को अपने चार साल के लेखा जोखा का जनता के सामने श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। आज प्रदेश में महंगाई बेरोजगारी चर्म पर है तथा शिक्षा का स्तर लचर हो रहा है। आर्य ने कहा कि पहाडों से पलायन रूकने का नाम नहीं ले रहा है। महंगाई पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्त पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गयी है। इस दिशा में सरकार ने कोई कार्य नहीं किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने वादा किया था कि वर्ष 2022 तक किसोनों की आये दोगुनी कर दी जायेगी। लेकिन यहां उलटा हो रहा है किसानों को गन्ने का भुगतान नहीं हो रहा है तथा चीनी मिलें बन्द होने की कगार में हैं। कानून व्यवस्था पूरी तरह से लचर हो गयी है।

## मंत्री धन सिंह को स्वास्थ्य मंत्रालय से पैदल किया जाना मोर्चा की बड़ी जीत:नेगी

संवाददाता

**देहरादून।** जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि हर मोर्चे पर नाकाम हो चुके स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत को सरकार द्वारा स्वास्थ्य मंत्रालय से पैदल करना (विभाग वापस लेना) मोर्चा की बहुत बड़ी जीत है। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा कि हर मोर्चे पर नाकाम हो चुके स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत को सरकार द्वारा स्वास्थ्य मंत्रालय से पैदल करना (विभाग वापस लेना) मोर्चा की बहुत बड़ी जीत है एवं मोर्चा इस फैसले पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करता है। नेगी ने कहा कि विगत कई माह से जिस प्रकार गर्भवती बहनों को इलाज न मिलने के कारण मौत होना,आमजन को आपात स्थिति में सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में वेंटिलेटर/ आईसीयू सुविधा उपलब्ध न होना, आयुष्मान योजना में धांधली, प्राइवेट अस्पतालों द्वारा मृत मरीजों व अन्य से लूटपाट, अस्पतालों में चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ की कमी, अस्पतालों से चिकित्सकों का गायब रहना व विभागीय मंत्री का अधिकारियों पर नियंत्रण न होना आदि तमाम मामलों में जन संघर्ष मोर्चा द्वारा स्वास्थ्य मंत्री एवं राजभवन पर लगातार हमला बोला गया था, जिसके चलते सरकार को स्वास्थ्य मंत्री की नाकामी के मामले में पैदल करना पड़ा यानि विभाग छीनना पड़ा। सरकार के इस फैसले से प्रदेश की जनता को काफी राहत मिलेगी। नेगी ने कहा कि वैसे तो धन सिंह रावत, जिनके पास शिक्षा विभाग का जिम्मा भी है, उस मामले में भी वे फेल हो चुके हैं। इसके साथ-साथ सहकारिता विभाग में उनके घोटाले की सूची बहुत लंबी है, इस नाकामी एवं भ्रष्टाचार के मामले में भी मोर्चा लगातार उन पर हमलावर है। मोर्चा धन सिंह रावत की शिक्षा व सहकारिता मंत्रालय से विदायी को लेकर भी आंदोलन चलाएगा।

# सरकार के चार साल पूरे

# पूरा हो रहा देवभूमि का गौरव पुनर्स्थापित करने का संकल्प: धामी

संवाददाता

**देहरादून।** सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देवभूमि का गौरव पुनर्स्थापित करने का संकल्प पूरा हो रहा है। आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सरकार के चार वर्ष पूरा होने पर परेड ग्राउंड में आयोजित 4 साल बेमिसाल कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होने विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को नवरात्र की शुभकामनाओं देने के साथ अपनी बात रखते हुए कहा कि आज से चार वर्ष पूर्व प्रदेश की जनता ने सभी मिथकों तोड़कर, उन्हें पुन: राज्य की सेवा का अवसर प्रदान किया था। इसके बाद इसी मैदान में शपथ ग्रहण के दौरान उन्होंने राज्य आंदोलनकारियों के सपनों के अनुसार देवभूमि के गौरव को पुनर्स्थापित करने का संकल्प लिया था। अब चार साल के बाद वो गर्व से कह सकते हैं कि वो संकल्प तेजी से सिद्धि की ओर बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बीते चार साल में राज्य की आर्थिकी में डेढ़ गुना से अधिक की वृद्धि हुई है




और बीते एक वर्ष में राज्य की जीएसडीपी में 7.23 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई, साथ ही प्रतिव्यक्ति आय में भी 41 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस दौरान राज्य में 20 हजार से अधिक नए उद्योग स्थापित हुए हैं, वहीं स्टार्टअप की संख्या 7 सौ से बढ़कर साढ़े 17 सौ हो गई है। यही नहीं इस दौरान 2 लाख 65 हजार से अधिक माताएं-बहनें लखपति दीदी बनी हैं। राज्य सरकार के सतत प्रयासों से रिवर्स पलायन में 44 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग द्वारा जारी वर्ष 2023-24 के सतत् विकास लक्ष्य इंडेक्स में उत्तराखंड को प्रथम स्थान प्राप्त होने से राज्य सरकार के प्रयासों पर मुहर लगी है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में भी उत्तराखंड को एचीवर्स तथा स्टार्टअप रैंकिंग में लीडर्स की श्रेणी भी प्राप्त हुई है। नीति आयोग द्वारा जारी इंडिया इनोवेशन इंडेक्स रिपोर्ट में हिमालयी राज्यों की श्रेणी में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। बीते चार वर्षों से लगातार देश में "मोस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट" होने का गौरव प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तराखंड को नेशनल लॉजिस्टिक्स इंडेक्स, स्टेट स्टार्टअप इकोसिस्टम, स्टेट एनर्जी एंड ग्रीन इंडेक्स जैसे कई राष्ट्रीय सूचकांकों में भी विभिन्न पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। राज्य को खनन क्षेत्र में किए गए सुधारों के लिए केंद्र सरकार द्वारा जारी "राज्य खनन तत्परता सूचकांक'' में देशभर में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है, साथ ही, इसके लिए राज्य को 200 करोड़ रुपये का पुरस्कार भी प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लिए गए सख्त और पारदर्शी निर्णयों का ही परिणाम है कि आबकारी और खनन जैसे विभागों से राज्य को पहले की तुलना में कई गुना अधिक राजस्व प्राप्त हो रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार देवभूमि के दैवत्व की रक्षा के लिए डेमोग्राफी को भी संरक्षित रखने का प्रयास कर रही है। इसके लिए जहां एक ओर प्रदेश में सख्त धर्मांतरण विरोधी और दंगा विरोधी कानूनों को लागू किया। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार ने सख्त कार्रवाई करते हुए 12 हजार एकड़ से अधिक की सरकारी भूमि को मुक्त कराया है। साथ ही छद्म भेष धारण कर लोगों को ठगने वालों के खिलाफ ऑपरेशन कालनेमि संचालित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने समान नागरिक संहिता कानून लागू कर सभी धर्मों के नागरिकों के लिए एक समान कानून लागू किया है, जिसे देशभर के राष्ट्रवादी सोच के लोगों ने सराहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी वर्ष से जुलाई से उत्तराखंड में सभी मदरसों में सरकारी बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम ही पढ़ाया जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कनक चौक से कार्यक्रम स्थल तक रोड शो में प्रतिभाग किया, साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का भी अवलोकन किया। समारोह में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, गणेश जोशी, खजान दास, राम सिंह कैडा, राज्य सभा सांसद नरेश बंसल, मेयर सौरभ थपलियाल, विधायक सहदेव पुंडीर, उमेश शर्मा काऊ, विनोद चमोली, सविता कपूर, मुन्ना सिंह चौहान, बृजभूषण गैरोला, मुख्य सचिव आनंद वर्द्धन, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, प्रमुख सचिव डॉ आरके सुधांशु, एल. फैनई, डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव एसएन पांडेय और आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पांडेय, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल उपस्थित रहे।

## संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा का फर्जी पत्र जारी, मुकदमा

**देहरादून।** दून विश्वविद्यालय के संयुक्त निदेशक का फर्जी पत्र जारी करने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। उत्तराखण्ड दून विश्वविद्यालय के संयुक्त निदेशक डॉ. आनन्द सिंह उनियाल ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनके संज्ञान में आया कि सरकार के चार साल बेमिसाल कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के प्रतिभाग किये जाने के बावत संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा के स्तर से कुछ महाविद्यालयों को पत्र जारी हुआ है जबकि उनके द्वारा इस प्रकार का कोई पत्र जारी नहीं किया गया है।

## कार की चपेट में आकर मोटरसाईकिल सवार की मौत

**देहरादून।** कार की चपेट में आकर मोटरसाईकिल सवार की मौत के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तिमली सहसपुर निवासी अंकित कुमार वर्मा ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पिता ब्रहमप्रकाश वर्मा अपनी मोटरसाईकिल से घर की तरफ आ रहे थे। जब वह हरबर्टपुर के पास पहुंचे तभी एक कार चालक ने तेजी व लापरवाही से कार चलाते हुए उसके पिता की मोटरसाईकिल को टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये जिनको स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी।

## स्मैक के साथ गिरफ्तार

**देहरादून।** पुलिस ने स्मैक के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहसपुर थाना पुलिस ने होरावाला रोड पर एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 6.31 ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम राकिब पुत्र उमरदद्दीन निवासी लांघा रोड छरबा सहसपुर बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## 30 मार्च को महावीर जयंती का अवकाश घोषित

**देहरादून।** महावीर जयंती का अवकाश 30 मार्च को घोषित कर दिया। अपर सचिव महावीर सिंह चौहान ने आदेश जारी करते हुए बताया कि उत्तराखण्ड राज्य में 24 दिसम्बर 2025 की अनुसूची पर उल्लेखित महावीर जयंती हेतु 31 मार्च 2026 को महावीर जयंती का घोषित सार्वजनिक अवकाश में संशोधन करते हुए 30 मार्च सोमवार को महावीर जयंती का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

## जुआ खेलते दो गिरफ्तार

**देहरादून।** पुलिस ने जुआ खेलते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि झण्डा मेले के पास कुछ लोग ताश के पत्तों से हारजीत की बाजी लगा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके से दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ताश के पत्ते व 2120 रूपये नगद बरामद कर लिये। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम पवन कुमार पुत्र नाथ गुप्ता निवासी गुरू रोड व दिनेश पुत्र राजकुमार निवासी रामनगर रूडकी बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# धामी सरकार के चार साल: कांग्रेस

# भ्रष्टाचार, महंगाई और बेरोजगारी चरम पर: प्रीतम

हमारे संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड में पुष्कर सिंह धामी सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर कांग्रेस ने अवैध खनन और अवैध शराब के मुद्दे पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधायक प्रीतम सिंह ने कहा कि सरकार अवैध गतिविधियों पर सख्ती का ढोंग रच रही है, जबकि खुद भाजपा के सांसद और विधायक सदन में सवाल उठा रहे हैं और संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा।




प्रीतम सिंह ने तंज कसते हुए कहा, "भाजपा के हरिद्वार सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने संसद में अवैध खनन का मुद्दा उठाया, गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय ने अवैध खनन में आवाज बुलंद की 'मैंने सदन में पूछा लेकिन सरकार ने कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जब खुद सत्ताधारी पार्टी के लोग सरकार की नाकामी बेनकाब कर रहे हैं, तो विपक्ष क्या करे? उन्होंने कहा कि "नशामुक्त देवभूमि" का नारा देने वाली सरकार आबकारी विभाग में मिलीभगत के कारण अवैध शराब का कारोबार रोक नहीं पा रही। प्रीतम सिंह ने जोर दिया कि चार साल पूरे होने के बावजूद माफिया राज जारी है, ओवरलोड ट्रकों से हादसे हो रहे हैं, नदियां चीरी जा रही हैं, लेकिन सरकार केवल राजस्व बढ़ने का दावा करती है। उन्होंने मांग की कि सरकार सदन में उठे सवालों का ईमानदार जवाब दे और ठोस कार्रवाई दिखाए, वरना जनता का गुस्सा सड़कों पर उतरेगा।

## शराब के साथ छह गिरफ्तार

**देहरादून( संवाददाता )।** पुलिस ने छह लोगों को शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डालनवाला कोतवाली पुलिस ने एक स्थान पर एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 52 पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम राहुल पुत्र रतनलाल निवासी सीमेंट रोड बताया। वहीं क्लेमनटाउन थाना पुलिस ने टर्नर रोड से एक व्यक्ति को 521 पव्वे शराब के बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने अपना नाम काला पुत्र चन्द्रभान निवासी रामपुर सहारनपुर बताया। इसके साथ ही डोईवाला कोतवाली पुलिस ने 54 पव्वों के साथ एक को गिरफ्तार किया जिसने अपना नाम रोहित पुत्र रघुवीर निवासी लालतप्पड बताया। वहीं डोईवाला पुलिस ने केशवपुर तिराहे के पास से सुनील नेगी पुत्र रघुवीर सिंह निवासी केशवपुरी बस्ती को 53 पव्वे शराब के साथ गिरफ्तार किया। इसके साथ ही ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने शिवाजी नगर निवासी मुकेश को 44 पव्वे व सहसपुर पुलिस ने विजेन्द्र सिंह को 54 पव्वे शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, *एडवोकेट*
बैजनाथ, *एडवोकेट*

कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालयहीमान्यहोगा प्रकाशितसामग्रीके लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*